years perhaps long runways may become obsolete and planes can come straight down. If we give up a place like Safdarjang and use it for something else, we may lose it for ever. I fully appreciate the hon. Member's appehensions ; consistent with safety we shall do what we can. I am now considering whether the DC operation should continue from here or not.........(*Interruptions*)

---

**12.50 hrs.**

LABOUR PROVIDENT FUND LAWS (AMENDMENT) BILL*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Coal Mines Provident Fund and Bonus Schemes Act, 1948 and the Employees' Provident Funds Act, 1952.

**श्री शिव चन्द्र झा** (मधुबनी) : क्या सरकार इस विधेयक को पास कराने का ख्याल नहीं रखती ? क्या सरकार का मकसद इसको केवल मात्र इंट्रोड्यूस करने का है ? आपने इस पर राष्ट्रपति की अनुमति 171(1) में ली है।

मंत्री महोदय कहेंगे कि अनुच्छेद 117(3) के अन्तर्गत राष्ट्रपति की अनुमति लेने की स्टेज बाद में आयेगी । लेकिन प्रश्न यह है कि इस विधेयक को कनसिडर करने और पास करने के लिए राष्ट्रपति की अनुमति क्यों नहीं ले ली गई है। इससे यह मालूम होता है कि सरकार का मकसद है कि सिर्फ इस बिल को इन्ट्रोड्यूस करने का है । हो सकता है कि बाद में सरकार इस विधेयक को ड्राप कर दे। कोलमाइन्ज़ के प्राविडेंट फंड की प्राबलम को सरकार सीरियसली हैंडल नहीं करती है, बल्कि वह टिकरिंग विद दि प्राबलम कर रही है। क्या वजह है कि सरकार ने अनुच्छेद 117(3) के अन्तर्गत राष्ट्रपति की अनुमति नहीं ली है ? अच्छा होता कि सरकार अनुच्छेद 117(3) के अन्तर्गत भी राष्ट्रपति की अनुमति ले लेती और तब इस विधेयक को इन्ट्रोड्यूस करती। सरकार ने ऐसा नहीं किया है, यही मेरी आपत्ति है।

**श्री भागवत झा आजाद** : अध्यक्ष महोदय, हमारा इरादा इस विधेयक को जल्दी से जल्दी पास करने का है। हम इस बारे में बहुत सीरियस हैं और ज्यों ही समय मिलेगा, हम इसको तुरन्त पास करना चाहते हैं। राष्ट्रपति की अनुमति लेने में कोई दिक्कत नहीं है।

MR. SPEAKER : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Coal Mines Provident Fund and Bonus Schemes Act, 1948 and the Employees' Provident Funds Act, 1952."

*The motion was adopted.*

SHRI BHAGWAT JHA AZAD : Sir, I introduce† the Bill.

---

**12.55 hrs.**

INDIAN MEDICINE CENTRAL COUNCIL BILL—*contd.*

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING, AND WORKS, HOUSING AND URBAN DEVELOPMENT (SHRI B. S. MURTHY) : Sir, I was speaking the other day about the main points of this Bill.

There are in the country today about 50,000 institutionally trained practitioners of Indian medicine as against 1,40,000 registered practitioners who have not undergone institutional training. One of the important functions of the Indian Medicine Central

---

*Published in the Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 7-12-1970.

†Introduced with the recommendation of the President.

[Shri B.S. Murthy]

Council relates to the laying down of minimum standards of education, uniform curricula and syllabi, facilities including hospital facilities in teaching institutions and recognition on an all-India basis of the degree or diploma in Indian medicine awarded by various State Councils and University Faculties. Having regard to these, the Rajya Sabha considered that non-instituttonally qualified practitioners will not be able to discharge these functions, and therefore, restricted eligibility for election to the Central Council to only persons who possess any of the medical qualifications included in the Second, Third or Fourth Schedules......... *(Interruptions)*. Honourable Members will observe that, under clause 3(1)(a) of the Bill, all persons who are enrolled on a State Register of Indian medicine will form the Electoral College to elect members to the Central Council from the particular State. The question whether restricting eligibility for membership of the Central Council to only institutionally qualified practitioners will violate article 14 of the Constitution of India has been examined. The Government is advised that denial of the right to unqualified medical practitioners to hold office in the Central Council does not contravene the provisions of article 14 of the Constitution on the ground of discrimination, since this article permits reasonable classification provided there is an intelligible differentia designed to achieve certain objects. The definite objects of this Bill being the preservations of the efficiency of the courses and period of study and practical training in Indian Systems of Medicine, this classification does not attract constitutional or legal objection.

There has been a section of the institutionally qualified practitioners of Indian medicine who have undergone training in Indian and Western (allopathic) medicine that statutory recognition should be given to integrated practitioners of Indian medicine. Integration of the different systems of Indian medicine with Western medicine remains an ideal far from achievement in the near future. In the present day ; when modern science and modern medicine have advanced tremendously, it is not possible to restrict any scheme of education in Indian medicine to only what has been provided in the ancient classical literature of the Indian systems of medicine. A provision has, therefore, been made by the Rajya Sabha to provide for the supplementation of Indian medicine by modern advances to the extent considered necessary by the Central Council for an intelligent understanding and practical application of the principles and theories of these sytems of Indian medicine. This is being given effect to by the definition of the term "Indian Medicine" in clause 2(1)(e) of the Bill.

Another important change made by the Rajya Sabha relates to the existing rights and privileges of practitioners who are enrolled on a State Register of Indian medicine. It had been urged that in many States practitioners of Indian medicine who have undergone the concurrent course of training in Indian and Western medicine are declared as registered medical practitioners under the Drugs and Cosmetic Rules, 1940 to enable them to practise modern drugs and medicaments. In view of this, clause 17(3)(b) has been amended by the Rajya Sabha to protect the privileges, including the right to practise any system of medicine, conferred by or under any law relating to registration of practitioners of Indian medicine in force in any State on the commencement of this Act.

I am sure Honourable Members will concur in the Indian Medicine Central Council Bill, 1970, as passed by the Rajya Sabha, so as to enable the Central Government to constitute at a very early date a Central Council for Indian Medicine which will give full scope for the profession to determine their future. With these words I move that the Indian Medicine Central Council Bill, 1970, to provide for the constitution of a Central Council of Indian Medicine and the maintenance of a Central Register of Indian Medicine and for matters connected therewith be taken into consideration.

MR. SPEAKER : Motion moved :

"That the Bill to provide for the Constitution of a Central Council of Indian Medicine and the maintenance of a Central Register of Indian Medicine and

for matters connected therewith, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

Now, the time has been fixed. But a number of Members want to speak on this Bill. They want more time. I think it is a very important Bill. A little margin this way or that way may be ignored. Of course, Shri Shiv Sharma is a very distinguished authority on this and I have allotted him more time. Dr. Govind Das.

**13.00 hrs.**

**डा० गोविन्द दास** (जबलपुर) : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं सरकार को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि वह इस विधेयक को राज्य सभा से स्वीकृत करा कर यहां पर लाई।...

**अध्यक्ष महोदय** : अब आप लंच के बाद जारी रखें।

**13.02 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned for lunch till Fourteen of the clock.*

---

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at six minutes past Fourteen of the Clock.*

[SHRI K. N. TIWARY *in the Chair.*]

INDIAN MEDICINE CENTRAL COUNCIL BILL—*Contd.*

MR. CHAIRMAN : Dr. Govind Das.

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour) : I want to make one submission.**

**सभापति महोदय** : आप किसी रूल को आब्जर्व कीजिए, यह नहीं होना चाहिए कि हर वक्त किसी भी चीज को उठाया जा सके, पहले 12 बजे उठायेंगे, फिर इस वक्त उठायेंगे—ऐसा नहीं होना चाहिए, मेहरबानी करके इस वक्त न उठायें।...

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : आप की इजाजत मांग रहा हूं।

**सभापति महोदय** : हम किसी को इजाजत नहीं दे रहे हैं। इस सम्बन्ध में कुछ भी रिकार्ड पर नहीं जायेगा।

SHRI B. K. DASCHOWDHURY : **

MR. CHAIRMAN : That will not go on record. After 2.0'clock no question will be raised henceforth.

**डा० गोविन्द दास** : सभापति जी, इस विधेयक के समर्थन में मैंने अपना भाषण आरम्भ ही किया था और केवल एक वाक्य ही बोला था, तभी यह सदन भोजन के लिए उठ गया। उस वाक्य में मैंने सरकार को इस बात के लिए बधाई दी थी कि उसने इस प्रकार का विधेयक राज्य सभा से स्वीकृत करा कर यहां भी पेश किया है। तो सवसे पहले तो सरकार बधाई की पात्र है, उसके बाद मैं वैद्यराज शिव शर्मा जी को भी इस बात के लिए बधाई देता हूं कि जिस उद्देश्य से उन्होंने इस सदन में प्रवेश किया, उस उद्देश्य में वे बहुत दूर तक सफल हो गए हैं। इसके बाद मेरा यह निवेदन है कि जो विधेयक अभी आया है, वह इसके पूर्व आजाना चाहिए था। इस देश की संस्कृति से सम्बन्ध रखने वाली बातों को न जाने क्यों हमारी राष्ट्रीय सरकार हमेशा झिझक कर दूर रखती रही है। हिन्दी का प्रश्न भी एक ऐसा ही प्रश्न है। संविधान सभा में हिन्दी को राज्य भाषा बनाया गया था सर्व-मत से और यह निश्चय किया था कि 15 वर्ष के भीतर हिन्दी अंग्रेजी का स्थान ले

**Not recorded.

[डा० गोविन्द दास]

लेगी, लेकिन वह नहीं हुआ। स्वराज्य के पहले हमने इस देश की जनता को हमारे नेताओं ने, हमने, सबने बारबार इस बात का आश्वासन दिया था कि स्वराज्य होते ही इस देश में गो-हत्या बिल्कुल बन्द कर दी जायेगी, वह भी नहीं हुआ और बड़ी कठिनाई से अब यह विधेयक आया—22-23 वर्षों के निरन्तर प्रयत्नों के बाद।

अब मेरा इस सदन से सबसे पहले यह निवेदन है कि इस विधेयक को बिना किसी प्रकार के संशोधन के, बिना किसी प्रकार के सुधार के इसी रूप में स्वीकृत करे। अगर यह नहीं हुआ और यहां पर कुछ संशोधन हुए, कुछ सुधार हुए तो यह विधेयक पुनः राज्य सभा में जायेगा, और इसके बाद पुनः यहां आते-आते इतना समय लग जायेगा कि आम चुनाव आ जायेंगे और फिर न जाने कब यह विधेयक स्वीकृत होगा। इसलिए जो लोग आयुर्वेद में, इस देश की चिकित्सा पद्धति में दिलचस्पी रखते हैं उनसे मेरा निवेदन है कि इस पर बहस चाहे कितनी ही करें लेकिन इस विधेयक को बिना किसी संशोधन के, बिना किसी सुधार के, इसी रूप में स्वीकार करना चाहिए। मैं भारतीय संस्कृति का एक छोटा सा पूजक रहा हूं। भारतीय संस्कृति, समन्वय-कारी संस्कृति, सहिष्णुतावादी संस्कृति रही है और उसने सदा ही, जो नयी-नयी बातें आई हैं उनको स्वीकार किया है। हम अपने यहां की चिकित्सा प्रणाली को देखें क्या आप समझते हैं कि यह चिकित्सा प्रणाली वैसी की वैसी है जैसी महर्षि चरक ने, सुश्रुत ने, वाग्भट्ट ने निर्मित की थी ? ऐसा नहीं है। इन लोगों के आने के बाद यूनानी पद्धति यहां पर आई। हमने यूनानी पद्धति को भी स्वीकार किया। यदि राजाश्रय हमारे आयुर्वेद को होता तो आधुनिक काल के जो शल्य प्रयोग हैं या दूसरी चीजें हैं उनको भी हम स्वीकार करते लेकिन खेद की बात है कि एक हजार वर्ष बीत जाने के बाद भी हमारी सरकार ने इस पद्धति को कोई भी राजाश्रय नहीं दिया। इसके बाद भी हम देखते हैं कि आज भी हमारे देश में अधिकतर चिकित्सा आयुर्वेद पद्धति से ही होती है। सौ में से 80 प्रतिशत लोग गांवों में ही रहते हैं। कितने ऐसे गांव हैं जहां पर एलोपैथिक डाक्टर हैं ? किन्तु ज्यादातर ऐसे गांव हैं जहां कोई न कोई वैद्य तो रहता ही है। तो बिना किसी राजाश्रय के हमारी भारतीय चिकित्सा प्रणाली आज भी इस देश में चल रही है। आज आवश्यकता है कि इसको हम राजाश्रय दें। और जैसा मैंने निवेदन किया बहुत पहले ही यह बात हो जानी चाहिए थी।

सभापति जी, जैसा कि मैंने कहा मैं एक छोटा सा भारतीय संस्कृति का पूजक हूं। संसार की चार संस्कृतियां सबसे पुरानी हैं—भारत की संस्कृति, मिस्र की संस्कृति, चीन की संस्कृति और यूनान की संस्कृति। संसार के प्रायः सभी देशों को मैंने देखा है—मैंने मिस्र को देखा है, चीन को देखा है, यूनान को देखा है। आप आज यदि उन देशों में जा कर उनके आज के जीवन में उनकी पुरानी संस्कृति के दर्शन करना चाहें तो वह दर्शन आपको नहीं होंगे। उनकी पुरानी संस्कृति या तो खंडहरों में दिखाई देती है या अजायबघरों में दिखाई देती है। मात्र भारत ही एक ऐसा देश है, इस संसार का, जिसके जीवन में हमें आज भी भारतीय संस्कृति की परम्परा दिखाई देती है। हमारे यहां स्पष्ट रूप से कहा गया है—

पदे पदेयन ़नवताम उपैती
तदेव रूपम रमणीय ताय:

हमने हर नयी चीज को रमणीय समझ कर ग्रहण किया है। आयुर्वेद भी हमारी संस्कृति का एक अंग है। हमारे यहां एक दूसरी उक्ति भी है—शरीर माद्यम खलु धर्म साधनम्। शरीर ही समस्त धर्मों का एकमात्र साधन है। इसीलिए—हमने आयुर्वेद को और शरीर को प्रधान स्थान दिया है। कहा जाता है कि हमने सदा आकाश की ओर देखा है,

जमीन की ओर नहीं देखा। यह गलत बात है। हमने आकाश और जमीन दोनों की ओर देखा है। हमारे जो 6 दर्शन हैं उनमें एक दर्शन, वैशेषिक दर्शन में दो शब्द आये हैं—एक तो अभ्युदय और दूसरा निःश्रेयस। इन दोनों शब्दों की उस दर्शन में बड़ी लम्बी व्याख्या की गई है। अभ्युदय से अर्थ है सांसारिक बातों का उत्कर्ष और निःश्रेयस से अर्थ है पारलौकिक चीजों का उत्कर्ष। तो आयुर्वेद को भी हमने अपनी संस्कृति का एक प्रधान अंग बनाया और कहा, जैसा कि मैंने निवेदन किया—शरीर माद्यम खलु धर्म साधनम्।

एक बड़ी विचित्र बात आप देखेंगे कि हमने यह भी कहा है कि मनुष्य शरीर की आवश्यकता इसलिए भी है, कि मनुष्य के शरीर से ही ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है। चूंकि ईश्वर की प्राप्ति मनुष्य के शरीर से हो सकती है इसलिए आयुर्वेद की आवश्यकता है। मैं जानना चाहता हूं क्या संसार की किसी भी संस्कृति में इस प्रकार का वर्णन है? कहीं भी नहीं है कि हमको मनुष्य शरीर की इसलिए आवश्यकता है क्योंकि मनुष्य शरीर से ही भगवान की प्राप्ति हो सकती है। यह हमारा आदर्श रहा है और इस दृष्टि से देखें तो हमें मालूम होता है कि शरीर की ओर भी हमने कितना ध्यान दिया है। आयुर्वेद के जो पुराने ग्रंथ हैं—चरक है, सुश्रुत है, वाग्भट्ट है—उनका हम यदि अध्ययन करें तो मालूम होगा कि आज भी, उनमें जो बातें कही गई हैं, उनकी बड़ी भारी कीमत है।

सारा सवाल यह है कि हमको इस सम्बन्ध में क्या करना चाहिए? क्या हम आयुर्वेद को इसी प्रकार छोड़ दें जिस प्रकार आयुर्वेद आज चल रहा है? इससे हमारा कल्याण होने वाला नहीं है। विज्ञान तब तक ही विज्ञान रहता है जब तक कि उसमें विकास, खोज और दूसरी चीजें होती रहती हैं। जैसा मैंने आरम्भ में निवेदन किया कि यदि इस चिकित्सा प्रणाली को राजाश्रय होता तो आयुर्वेद को भी हम उसी प्रकार का देखते जिस प्रकार आज हम एलोपैथी को देख रहे हैं। मेरा निश्चित विश्वास है कि इस अवस्था में आयुर्वेद एलोपैथी से कहीं अधिक आगे बढ़ा होता क्योंकि हर देश में वहां की आबहवा, वहां की स्थिति सदृश ही चिकित्सा प्रणाली होनी चाहिए। हमारी आयुर्वेद एक ऐसी चिकित्सा प्रणाली है जोकि देश के वातावरण और देश की संस्कृति के अनुकूल है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है, एक संस्कृति का प्रेमी होने के नाते, कि आयुर्वेद भी हमारी भारतीय संस्कृति का एक प्रधान अंश है और यह जो विधेयक आया है वह बहुत विलम्ब से आया है। इसलिए अब हम इस विधेयक को बिना किसी संशोधन के या बिना किसी सुधार के स्वीकार करें ताकि यह कार्य आगे बढ़ सके। इन शब्दों के साथ मैं फिर से एक बार इस सरकार को और पं० शिव शर्मा जी को बधाई देते हुए इस विधेयक का हार्दिक समर्थन करता हूं। इतना अवश्य है कि इस विधेयक में बहुत से सुधार हो सकते हैं और आगे चलकर हमें बहुत से सुधार करने भी होंगे लेकिन कम से कम आज इसमें कोई सुधार का प्रयत्न न करते हुए इसी रूप में इसको स्वीकार करना चाहिए।

**श्री शिव शर्मा** (विदिशा) : सभापति महोदय, मैं आपके सामने इस बिल का थोड़ा सा इतिहास रखना चाहता हूं। आज्ञा हो तो उर्दू के एक शेर से ही शुरू करूं :

तुम पर भी मरते मुझ को बरसों गुज़र गए हैं
इस तूल दास्तां को, इस मुख्तसिर को देखते।

भारतवर्ष को स्वतन्त्र हुए 25 वर्ष, एक शताब्दी का एक चौथाई हिस्सा हो गया है। एक बड़ी तपस्या के बाद आज यह आयुर्वेदिक बिल इस सदन के सामने आया है। राज्य सभा में यह पास हो गया है। आयुर्वेद के साथ क्या होता रहा है, यदि इसका इतिहास ध्यान में हो तो यह सन्देह होना स्वाभाविक है कि यदि कोई भी कारण विलम्ब होने का हमने उपस्थित

[श्री शिव शर्मा]

कर दिया तो फिर 25 वर्ष और लग सकते हैं, एक पूरी आयु लग सकती है और शायद इतना विलम्ब भी हो सकता है कि हम में से बहुत से इस संसार में भी ना हों। किसी दूसरी दुनियां में हों, चाहे वह परलोक का गर्म भाग हो या सर्द भाग, और शायद वहां टेलिविजन भी न हों और यहां की खबरें भी न पहुंचती हों। तो यह एक ऐसा अवसर हम लोगों के हाथ में आया है जिसको यदि हमने आज ही हाथ में नहीं ले लिया तो फिर आना शायद कठिन हो जाए।

मैं यह स्वीकार करता हूं कि जो भी संशोधन आये हैं उनके पीछे देश का, और शास्त्र का भी शुभ-चिन्तन है। मैं इस प्रकार का सन्देह नहीं करूंगा कि कोई आयुर्वेद की उन्नति होते नहीं देखना चाहता, परन्तु उन संशोधन का प्रभाव इतना घातक हो सकता है जिसका ठिकाना नहीं है, एक छोटे से सुधार का भी, क्योंकि वह फिर राज्य सभा में जायेगा और फिर विलम्ब होगा। सुधार तो सदा ही हो सकते हैं। हमेशा उन्नति का मार्ग खुला रहता है। आपके संविधान को बड़े महापुरुषों ने बनाया था, लेकिन उसमें निरन्तर सुधार होते रहते हैं। इसलिए सुधार का तो कोई भय नहीं होना चाहिए कि नहीं हो सकेगा। भय तो इसी बात का है और हमेशा आयुर्वेद का यह दुर्भाग्य रहा है कि जब कभी उसके हित में कुछ होने लगा तभी कोई अड़ंगा लग गया और वह आगे नहीं चल सका।

अधिकांश संशोधनों की ओर मैं इसलिए पहले थोड़ा ध्यान दिलाना चाहता हूं कि फिर इसके बाद शायद मुझे कुछ कहने का अवसर न मिले। मैं यह भी बतला देना चाहता हूं कि चार वर्षों में मैंने केवल दो भाषण यहां पर दिये हैं और यह तीसरा तथा अगर आपने कृपा करके इस बिल को पास कर दिया, तो अन्तिम भाषण होगा, मैं किसी और विषय की चर्चा में इसलिए भाग नहीं लेता कि जब कभी वे सज्जन जो आयुर्वेद की समस्यायें नहीं समझते और बहुत जोर से इस प्रकार से बोलते हैं कि वह मुझ से ज्यादा समझते हैं तो उस वक्त मेरे हृदय में यह बात आती है कि यदि मैं अन्य विषयों पर बोलूं तो मेरे विषय में वे भी समझेंगे कि यह फाइनेंस पर बोल रहा है, लेकिन यह फाइनेंस के बारे में क्या जानता है। शायद फाइनेंस को लेकर मेरे विषय में उनका सच्चा आक्षेप होगा। यह सौजन्य, यह कंसेशन मैं उनसे मांगता हूं कि वह समझें कि जिस तरह से मैंने आयुर्वेद की सेवा करने और रक्षा करने का प्रयत्न किया है उसमें वह मेरे पूरे सहायक हों।

कुछ घटनायें हुई हैं आयुर्वेद के सम्बन्ध में, जिनको मैं पहले आप के सामने रख दूं। 1938 में जब पहली कांग्रेस सरकार बम्बई में बनी तब एक बिल डा० गिल्डर ने आयुर्वेदिक शिक्षा सम्बन्ध में बम्बई में पास कराया। उसमें वैद्यों का कोई विशेष हाथ नहीं रहा। उस समय आल इण्डिया आयुर्वेदिक कांग्रेस का 28वां अधिवेशन बम्बई में हुआ। श्री बालासाहब खेर ने, जो पहले चीफ मिनिस्टर थे, उसका उद्घाटन किया था। मैं आयुर्वेद की शिक्षा के सम्बन्ध में इसलिए इतिहास दे रहा हूं कि आपको पहले से ज्ञात रहे कि वास्तविक परिस्थिति क्या है। जिन लोगों को परिस्थिति का ज्ञान है, फिर भी वह किसी कारण से विरोध करना चाहते हैं, उनके लिए मैं कुछ भी नहीं कह रहा हूं, जिनको वास्तविक परिस्थिति का ज्ञान नहीं है और मैं उनके हृदय आयुर्वेद के प्रति शुभ-चिन्तन है, वह मार्ग से इधर-उधर न हो जायें उनकी केवल सूचना मात्र के लिए मैं यह इतिहास दे रहा हूं ताकि वह निर्णय करते समय परिस्थिति को ठीक रूप से समझ लें। उस समय मैं महा-सम्मेलन का अध्यक्ष था और श्री बालासाहब खेर ने उसका उद्घाटन किया था। उनके साथ श्री के० एम० मुंशी, श्री मोरारजी देसाई और डा० गिल्डर भी उपस्थित थे। उन दिनों उस बिल पर डा० गिल्डर विचार कर रहे थे, मुझ से कहा कि

रात में बैठ कर उनके साथ उस बिल पर विचार कर लिया जाये । उनके बगल पर उस रात जो लोग बैठे उनमें स्वर्गीय कविराज गणनाथ सेन, जो बड़े भारी डाक्टर और वैद्य थे कलकत्ते के और मेरे साथ सह-सभापति थे एक अंश में महा-सम्मेलन के, स्वर्गीय यादव त्रीकम जी आचार्य और मैं थे । मैंने उस रात बैठकर उनके साथ विचार किया । मेरे भाषण में भी आप देखेंगे—जितनी बार मुझे आयुर्वेद शिक्षा के सम्बन्ध में बोलना पड़ा उसके अंश वितरित भी किये गये—जो बात मैंने सम्मेलन में कही थी वही डाक्टर गिल्डर से कही कि जो ढंग आपने अपनाया उससे जो स्नातक निकलेंगे वह आयुर्वेद चिकित्सा नहीं करेंगे । यह बात पीछे की है कि उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा नहीं की । यह बात इससे भी पीछे की है कि जब मुझे आग्रह और प्रयत्न करना पड़ा कि बम्बई में वैद्यों को भी आयुर्वेद के संबंध में कुछ अधिकार मिले, नहीं तो जिस समय में लाहौर से पार्टिशन के बाद बम्बई गया तो एक विचित्र दृश्य हमारे सामने था । स्टेट फैकल्टी आफ आयुर्वेद तो नाम था लेकिन उसके अध्यक्ष वहीं के प्रसिद्ध और योग्य डाक्टर डा० बी० वी० योध थे, और आयुर्वेद रिसर्च ट्राइब्यूनल के अध्यक्ष भी वहां के सुयोग्य डा० म्हस्कर थे । मैंने वहां पूछा कि क्या कोई वैद्य नहीं है इन आयुर्वेद संस्थाओं के ऊपर ?

इस तरह की चीजें हैं जो मैं आप के सामने रखना चाहता हूं । एक तो यह कि जिस इण्डियन मेडिकल ऐसोसिएशन ने आयुर्वेद के भविष्य का निर्णय अपने सदस्यों के हाथों में लिया, उसने जो प्रस्ताव पास किये वह भी आपको बतला दूं । यह इण्डियन मेडिकल ऐसोसिएशन की वर्किंग कमेटी की 68वीं मीटिंग का रेजोल्यूशन है ?

Practitioner practising other than modern medicine should not be allowed to use the term 'physician' which should be the sole privilege of practitioner of modern medicine.

मुझे उनके साथ लड़ाई नहीं इस प्रस्ताव पर यदि वह हम लोगों को सच-मुच ठग समझते हैं, अयोग्य समझते हैं, तो उनका कर्त्तव्य है कि वह जनता की रक्षा के लिए इस प्रकार का प्रस्ताव पास करें । इससे मुझे विरोध नहीं । उनका अधिकार है कि ऐसा प्रस्ताव पास करें । उनके प्रेजिडेंट डा० शिवपुरी ने अपने प्रेजिडेंशल ऐड्रेस में 26वीं आल इण्डिया मेडिकल कांफरेंस में जो कहा उसके शब्द भी यह थे :

Our parliamentarians and legislators are always harping on Ayurved and homoeopathy. I suggest that they should compulsorily be treated by Ayurvedic and homoeopathic methods and no modern aid be allowed to them at Government expense.

यह उनकी भावनायें मैं आप को बतला रहा हूं । इस प्रकार के कई प्रस्ताव हैं जिन में बराबर मांग रही है कि आयुर्वेद का बिस्तर गोल कर दिया जाये । मैं इसका विरोध नहीं कर रहा हूं । मैं इसके विरुद्ध भी कुछ नहीं कह रहा हूं । इस तरह कहना उनका अधिकार है । वह शायद सच हो सकते हैं । हम लोग ठग हो सकते हैं यह भी सम्भव है, लेकिन इस का किसी ने परीक्षण नहीं किया । परन्तु जब वे आयुर्वेद का सर्वथा सर्वनाश मांगते हैं और कहते हैं कि उसमें जो कुछ गुण थे उनको प्राप्त कर चुके हैं, और फिर उसके बाद भी आयुर्वेद के भविष्य के निर्माण के लिये चेयरमैन और प्रेजिडेंट के रूप में इन आयुर्वेदिक समितियों तथा परिषदों को अपने हाथ में ले लेते हैं इस पर मुझे जरूर ऐतराज है । मैंने अपने स्वर्गीय प्राइम मिनिस्टर से भी कहा था और उनकी सुपुत्री से भी बाद में पूछा कि इतिहास आपके सामने है । संसार के किसी साहित्य से मुझ को कोई उदाहरण बतलायें जहां लोगों का ऐसा विज्ञान नाशक सर्व-सम्मत प्रस्ताव हो और जो लोग उस विज्ञान को खत्म करना चाहते हों उनको उसका भविष्य सम्भाल दिया जाये । यह विचित्र व्यवहार केवल आयुर्वेद के साथ ही हुआ है । मैं आपके सामने

[श्री शिव शर्मा]

कुछ ऐसी बातें रखूंगा जिनका जोड़ संसार में कहीं नहीं मिलता । अगर कहीं कोई उदाहरण मिलता है तो वह केवल आयुर्वेद के सम्बन्ध में ही। सम्भव है कि बाद में थोड़े बहुत वैद्यों का भी आयुर्वेद सम्बन्धी शासन में कुछ हाथ रहा हो। लेकिन मैं यह एक और घटना रेकार्ड पर लाना चाहता हूं ।

श्री नन्दा अभी जीवित हैं । ईश्वर उनको दीर्घायु करे । अगर मैं यह बात आज न कहूं तो शायद कल लोग कहेंगे कि मैंने बात बना दी क्योंकि उसकी पुष्टि श्री नन्दा जी के अभाव में नहीं की जा सकती। एक बार उन्होंने डाक्टरों से एक बात पूछी कि एक तरफ तो आप चेयरमैन और मालिक बने बैठे हैं आयुर्वेद के भविष्य के निर्माण के और विद्यार्थी जो निकल रहे हैं वह कहते हैं कि हम आयुर्वेद को बेकार समझते हैं, हमें एम० बी० बी० एस० बनाओ । मैंने आपसे कहा कि आयुर्वेद के सम्बन्ध में ही ऐसा हुआ है जिसका इतिहास में प्रमाण नहीं है, केवल आयुर्वेद के ही स्नातक इस प्रकार के निकले जो आयुर्वेद प्रैक्टिस नहीं करते । वे निकलते ही मांग करते हैं कि हमें कंडेन्स्ड कोर्स दो दूसरे विज्ञान का । मैंने ऐसा कहीं नहीं देखा । संगीत में भी नहीं देखा कि कोई यह कहे कि मैं संगीत का अध्ययन करूंगा, संगीत विद्यालय में पढ़ूंगा लेकिन व्यवहार में गाऊंगा नहीं, नाच करूंगा । किसी फिजिसिस्ट ने उतना अपमान फिजिक्स का नहीं किया जितना की आयुर्वेद के विद्यार्थियों ने आयुर्वेद का किया है । इस प्रसंग में नन्दा जी ने पूछा कि आप कैसे स्नातक निकाल रहे हैं ? डाक्टरों का उत्तर यह था कि आप जानते ही हैं कि आयुर्वेद में कुछ रहा तो नहीं, जितना कुछ उपयोगी अंश था वह हमने ले ही लिया है और वह आत्मसात हो गया है डाक्टरी में । हमने क्योरेयर ले लिया है रैड इण्डियन से, सर्प गंधा ले लिया है आयुर्वेद से । एलोपैथी में सब कुछ समा रहा है। उससे बढ़ कर और क्या इंटैग्रेटिड सिस्टम होगा। इण्डियन मैडिकल काउंसिल के तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय श्री सी० एस० पटेल ने भी एक पत्र सरकार को लिखा था (जोकि अखबारों में भी छपा था) जिसमें उन्होंने यह कहा था कि आयुर्वेद को अब खत्म कर देना चाहिए, इसमें कुछ नहीं रह गया है । इस आधार पर डाक्टर महोदयों ने नन्दा जी को उत्तर दिया कि यदि हम सीधा कहते हैं तो लोग चिल्लाते हैं क्योंकि भारत के लोग धर्मावलम्बी हैं, नो चेंजर है, अपरिवर्तनवादी हैं । इस वास्ते सबसे अच्छा तरीका यही है कि स्वयं ये कालेज ही ऐलोपैथिक कालेज बन जाएं और तब इनमें से जो विद्यार्थी निकलेंगे, एलोपैथ्स निकलेंगे और तब आयुर्वेदिक चिकित्सा की प्रेक्टिस करने वाला कोई नहीं रह जाएगा और उस अवस्था में यह मसला बिना शोर शराबे के हल हो जाएगा । बहुत नाराज़ थे नन्दा जी जब उन्होंने मुझ से यह बात कही ।

इस पाठ्यक्रम के पीछे क्या लक्ष्य था, यह भी मैं आपको बता देना चाहता हूं । यह जो आयुर्वेद का शिक्षण था वह किस पृष्ठभूमि में किस बैकग्राउंड में शुरू हुआ ? उसका जो नतीजा निकला, वह भी मैं आपको बता देना चाहता हूं । दो सौ ग्रेजुएटस निकले इस प्रकार का अध्ययन करके उड़ीसा में । आप इसकी पुष्टि कर सकते हैं क्योंकि यह तो इतिहास की बात है । स्वास्थ्य मंत्री जी को इसके बारे में मालूम है । स्नातकों ने चिल्लाना शुरू किया कि हम आयुर्वेद की प्रेक्टिस नहीं करना चाहते, हम तो एलोपैथी की प्रेक्टिस करना चाहते हैं । सरकार तंग आ गई और उसने उनको कहा कि अच्छी बात है, तुम को हम कंडैंस्ड कोर्स दे देते हैं तुम एलोपैथी में जा सकते हो । दो सौ विद्यार्थी जब आयुर्वेदिक कालेज में पढ़ते थे तब वहां के स्वास्थ्य मंत्री का विधान सभा में यह उत्तर दिया हुआ है कि इतना रुपया हम आयुर्वेदी पर खर्च कर रहे हैं । अब उन दो सौ में से 198 ने कंडैंस्ड कोर्स ले लिया और आज उनके नाम मैडीकल रजिस्टर में दर्ज हैं । उनपर रुपया आयुर्वेद का खर्च हुआ था जबकि वे आज

एलोपैथी की प्रेक्टिस कर रहे हैं। केवल दो रह गए हैं उन में से। एक तो वह हैं जोकि गवर्नमेंट आफ इंडिया में इस समय डिप्टी डायरेक्टर सैंट्रल काउंसिल आफ आयुर्वेदिक रिसर्च हैं और एक बेचारा और रह गया है। जितने आयुर्वेद के लिए फंड थे, वे कहां पहुंच गए।

अभी डाक्टर जकरिया कमेटी बनी महाराष्ट्र में। मैं भी उसका सदस्य था। जिन स्नातकों ने ज्वायंट सिलैक्ट कमेटी के सामने यह बात कही थी कि हम आयुर्वेद के परम शुभ चिन्तक हैं, हम इसको आधुनिक विज्ञान बना देना चाहते हैं, हमारे लिए अलग काउंसिल होनी चाहिए, उन्होंने वहां क्या कहा इसको भी आप सुन लें। डा० एन० एन० कैलाश आयुर्वेद के बड़े शुभ चिन्तक हैं, मेरे साथ भी बड़ा स्नेह रखते हैं, और उन्होंने आयुर्वेद की बड़ी सेवा की है और कहा है कि आयुर्वेद की हम रक्षा चाहते हैं, उन्होंने हम लोग जो पुराने जमाने के वैद्य हैं, उनके बारे में कहा कि वे क्वैक्स हैं, अवैधानिक वैद्य हैं। यह बात उन्होंने मेरे लिए तो नहीं कही लेकिन उन लोगों के लिए कही जिन लोगों को संस्थायें पहले प्राप्त नहीं थीं जिन्होंने अपने गुरुओं से शिक्षा पाई और उनके साथ रोगियों के घरों में जा कर रोगियों को देख देख कर अभ्यास किया, जिन के पास बौटेनिकल गार्डन तो नहीं थे लेकिन जिन्होंने गुरुओं के साथ जंगलों में जा जा कर जड़ी बूटियों की पहचान की। उनके मन में ये लोग इस योग्य नहीं हैं कि आयुर्वेद की रक्षा कर सकें। चाहे आयुर्वेद की रक्षा इन ने की हो।

अस्तु, जो उनके अनुसार आयुर्वेद में श्रद्धा रखते थे वे एक एक करके आते जा रहे थे और कहते जा रहे थे कि मैं तो एलोपैथ बनना चाहता हूं। तब सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पास हुआ कि उन लोगों को सन्तोष देने के लिए एक कंडैंस्ड कोर्स एम० बी० बी० एस० का बना दिया जाए। आपने अखबारों में पढ़ लिया होगा। तब भी श्री शान्ति लाल शाह जोकि पक्षपाती हैं आयुर्वेद के, उनके शब्द थे : "They should be only on the Ayurvedic register. There should be no other register." ये उनके शब्द हैं। लेकिन वे सब स्नातक आयुर्वेद के निकल गए।

इस सम्बन्ध में मैं यह भी कह देना चाहता हूं कि सब ही मिनिस्टर्ज, सब शासक या सब नेता इस प्रकार के नहीं थे जो इसको आयुर्वेदिक पाठ्यक्रम समझ लें। श्री गुलजारी लाल नन्दा, श्री मोरारजी देसाई, वर्तमान दोनों मंत्री, श्री के० के० शाह और श्री मूर्ति, ये आयुर्वेद के स्वरूप को समझते हैं। मैं तो नई कांग्रेस का सदस्य नहीं हूं। मैं गवनिंग पार्टी का सदस्य नहीं हूं। पिछली बार जब प्रिसिस के सम्बन्ध में विवाद हुआ था तब मैंने सरकार के विरुद्ध वोट दिया था इसके बावजूद कि कभी आयुर्वेद से इतर किसी विषय पर मैंने वोट नहीं दिया था। इसलिए मेरे ऊपर इनकी कोई कृपा विशेष है या मुझ को इन से कुछ प्राप्त हो जाएगा, यह मैं कैसे आशा कर सकता हूं। मुझे ये कोई स्थान दे देंगे, ऐसी कोई बात नहीं है। लेकिन दो बिल्कुल परस्पर विरोधी भी किसी समय इकट्ठे हो जाते हैं। और मैं और शासन पर परस्पर विरोधी नहीं, आपने देखा होगा जब हिटलर के साथ लड़ाई हुई तो स्टालिन और रूज़वैल्ट भी एक बन गये, चर्चिल और स्टालिन एक हो गए—

**श्री एस० एम० जोशी** (पूना) : इन में स्टालिन और रूजवल्ट कौन हैं।

**श्री शिव शर्मा** : मैंने इस रूप में कहा कि अमरीका और रूस प्रायः इकट्ठे नहीं रहते थे परन्तु युद्ध में एक बन गए। मैं इसलिए कह रहा हूं कि आयुर्वेद के साथ शासन को स्नेह है जैसा मुझे है।

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam) : Who is Stalin, who is Roosevelt ?

SHRI SHIVA SHARMA : I was merely giving an example that even people with different ideologies unite together.

[श्री शिव शर्मा]

श्री मूर्ति का अपना स्वभाव है, श्री के० के० शाह का अपना स्वभाव है। नन्दा जी और श्री मोरार जी देसाई के स्वभाव में जमीन आसमान का अन्तर है। श्री सी० पी० रामास्वामी आयर बिल्कुल दूसरी विचार प्रणाली के थे। श्री सम्पूर्णानन्द बिल्कुल दूसरी विचार प्रणाली के थे। लेकिन एक चीज आप सदा देख सकते हैं कि कितने भी उनमें व्यक्तिगत मतभेद दूसरे विषयों पर रहे हों, यदि किसी एक विषय पर वे स्नेह रखते हैं तो उस पर उनका एक दृष्टिकोण एक हो जाता है। मैंने देखा कि कोई किसी भी पार्टी का हो, किस ने वास्तव में आयुर्वेद के साथ स्नेह रखा है और किस ने नहीं, इसका पता लगाना मुश्किल नहीं है और अगर किसी की आंखें खुली हों तो वह आसानी से जान सकता है कि किस ने आयुर्वेद का पक्ष लिया है और किस ने विरोध किया है। सब लोग जानते हैं कि क्या हो रहा है आयुर्वेद के अध्ययन के साथ। मिश्रित अध्ययन को कुछ राज्यों ने समाप्त कर दिया, इसलिए कि स्नातक तो डाक्टर बन गए। अब केवल एक आदमी के लिए ये उड़ीसा काउंसिल नहीं बना सकता है। वह एक भी जो है वह इसलिए डाक्टरी में नहीं गया कि उसका पिता वैद्य था। इट वाज इंस्पाइटआफ इंटैग्रेटिड ट्रेनिंग, नाट बिकाज़ आफ इंटैग्रेटिड ट्रेनिंग कि वह आयुर्वेद के साथ रहा।

श्री भिडे मेरे मित्र हैं। वह पूना के हैं। श्री एस० एम० जोशी उनको जानते हैं। उनकी रिपोर्ट से वह परिचित हैं। वह यहां पर आए। मैंने उन से पूछा कि डाक्टर साहब, आप तो एक स्तम्भ हैं इंटैग्रेटिड मैडीसिन के और एम० बी० बी० एस० होते के बावजूद भी आप इसका समर्थन करते हैं, आप मुझे बताइये कि क्या इंटैग्रेशन हो गया है। आप देख जाइये आदि से अन्त तक ज्वायंट सिलैक्ट कमेटी की रिपोर्ट, आप पाएँगे कि हर एक ने यह कहा कि इंटैग्रेशन नहीं हुआ है दो सिस्टमस का। आप बुद्धिमान हैं। सिस्टम का मतलब है एक कोई कम्पैक्ट सिस्टम, सुग्रथित प्रणाली। इंटैग्रेटिड पास्ट पार्टिसिपल है। एक नई चीज बन गई है आयुर्वेद और एलोपैथी के मिश्रण से। किस प्रकार बनी उसका मैं उदाहरण देता हूँ। एक यूनिवर्सल हैल्थ इंस्टीट्यूट नामक संस्था थी। उस में मैं काम करता था। मेरे पास फर्स्ट क्लास फर्स्ट बम्बई स्टेट से, जो तब भारत की नम्बर एक स्टेट थी, और तब उसका विभाजन नहीं हुआ था, गवर्नमैंट कालेज से इंटैग्रेटिड कोर्स पास लड़का आया और आ कर कहा कि मुझे अपना असिस्टेंट रख लीजिए अपने पास काम करने के लिए। मैंने उससे पूछा कि इस रोगी को क्या व्याधि है। उस बेचारे ने यह समझा हुआ था कि मैं आयुर्वेद ग्रेजुएट का उत्तर आयुर्वेदिक भाषा में सुनना चाहता हूँ। आयुर्वेदिक भाषा से वह अपरिचित था। उनके मैमोरेंडम आप देखिये जो बार बार उन्होंने सरकार को दिए हैं और स्वयं उन्होंने अपने फिगर्ज दिए हैं कि हम ने तो एलोपैथी ही अधिक पढ़ी है। मैंने देखा कि उसका दिमाग एलोपैथिक भाषा बोलता है। भाषायें केवल साहित्य में ही भिन्न-भिन्न नहीं होतीं विज्ञान की भी भिन्न-भिन्न भाषायें होती हैं। उसने मुझे कहा सुधा न्यूनता। आई वाज स्टम्प्ड। मैं सोच रहा था कि मैंने सारी उम्र आयुर्वेद की प्रेक्टिस की है, यह कौन सा शब्द नकल आया। लेकिन मैंने समझ लिया कि उसका दिमाग अंग्रेजी में बोलता है और उसने हिन्दी में अनुवाद कर दिया है, कैल्शियम डैफीशेंसी का। मैंने उससे पूछा, अच्छा यही समझ लो। हम तो इसको पित्त विकार समझते हैं और रक्त विकार समझते हैं और इसमें दही को अभिष्यन्दी समझ कर हम बन्द करते हैं। अगर कैलशियम डेफिशेंसी है, तब तो इस को खूब दही खिलानी चाहिए; जब तुम आयुर्वेदिक संस्था में इस का इलाज करोगे, तो क्या डाक्टरी के अनुसार खूब दही खिलाओगे या आयुर्वेद के अनुसार दही बन्द कर दोगे ? तो फ़रमाते हैं कि देखिये, मैं फर्स्ट क्लास फर्स्ट हूँ, मैं तो बहुत बुद्धिमान हूँ,

मुझे तीन महीने का समय दीजिए, मैं देख लूंगा कि दही खिलानी चाहिए या नहीं। आयुर्वेद संसार में यह चीज पैदा की गई है। आप उन से किसी वक्त बात कीजिए ; जितने भी ग्रन्थों में कहीं-कहीं जो भ्रांति रह गई है, उन को उन्होंने छांट लिया है, उनकी लिस्ट उन के पास मौजूद है—यह कहने के लिए कि आयुर्वेद में तो कुछ भी नहीं है।

जायंट सिलेक्ट कमेटी में मतैक्य इस लिए हो गया कि उस में केवल 37 सदस्य थे, जिन्होंने लगभग सौ घंटे बैठ कर विभिन्न प्रकार के लोगों से गवाहियां लीं। वहां कम्युनिस्ट पार्टी, जनसंघ और दोनों कांग्रेस पार्टियों के सदस्यों का एकमत इस लिए हो गया कि वहां संदेह की कोई बात नहीं रह गई थी। इसके मुकाबले में इस सदन में संदेह की गुंजायश रह सकती है। यहां इस लिए मतभेद रहता है कि यह सदन एक बरस बैठकर और सैकड़ों घंटे लगाकर विभिन्न मिश्रित स्नातकों का वह स्वरूप नहीं देख पायेगा, जो कि कमेटी के सामने आया था। जो बात माननीय सदस्यों के कान में पड़ती है, वह उन्हें यहां पर करनी पड़ती है। यहां पर जो मिश्रित प्रणाली के समर्थक हैं, यदि उन को सूचित किया जाये कि आयुर्वेद के नाम से पैसा खर्च कर के जो चीज पैदा हुई है, उस से आयुर्वेद की उन्नति सम्भव नहीं है, तो उन्हें वास्तविकता को सभझने में देर नहीं लगेगी।

रस शास्त्र के सीनियर प्रोफेसर के लिए प्रार्थना पत्र आये तो ऊंचे दर्जे के एक स्नातक आये। हम ने उन से पूछा कि रस शास्त्र की टैक्स्ट बुक कौन सी है। रस शास्त्र के बहुत से प्राचीन ग्रन्थ पड़े हुए हैं। कई विषयों के ग्रन्थ नष्ट हो गये हैं। जैसे, अभी तक शक है कि सांख्य दर्शन असली है या नहीं। केवल सांख्य तत्व कौमदी असली है। रस शास्त्र के सौ के करीब प्राचीन ग्रन्थ हैं, जो नष्ट नहीं हुए हैं। वह सज्जन एक भी ग्रन्थ का नाम नहीं ले सके, हालांकि उन को उस विषय का सीनियर प्रोफेसर बनना था।

मैं एक और बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं। यह न समझ लिया जाये कि आधुनिक विज्ञान में मेरी श्रद्धा नहीं है। वह उच्च कोटि का विज्ञान है और ऊंचे से ऊंचे डाक्टरों के साथ मेरी घनिष्ट और वास्तविक मैत्री है। उन के साथ रोगियों का आदान-प्रदान है। एफ० आर० सी० एस० और एम० डीज० को झिझक नहीं है अपने रोगी मुझे भेजते हुए और मुझे झिझक नहीं है अपने रोगी उन्हें भेजते हुए। अगर हम लोग रोगी का शुभ-चिन्तन करते हैं, तो ये विज्ञानों के भेद मिट जाते हैं। यह भी ठीक है कि यदि सत्य का स्वरूप एक है, तो क्या एलोपैथी और क्या आयुर्वेद।

परन्तु यह तो देखना चाहिए कि क्या आदमी अपने जीवन-काल में केवल ऐलोपैथी ही ग्रहण कर सकता है। इनटेग्रेशन की बात, दो विज्ञानों की बात, तो तब आती है, जब आदमी के जीवन-काल में इतना समय हो। अमरीका में डीन स्पैरी की एक पुस्तक छपी हुई है, "एथिकल बेसिस आफ मैडिकल प्रेक्टिस"। उस में वह आरम्भ ही इस प्रकार करते हैं कि एक समय था, जब एक कार्डिनल, एक बिशप, ने दुनिया में जितनी भी पुस्तकें थीं, वे सब पढ़ ली थीं और कोई भी पुस्तक पढ़ने को नहीं रह गई थी ; जब ज्यादा पुस्तकें हो गईं, तो दो कार्डिनल उन को समाप्त कर सके और आज यह हालत हो गई है कि अगर सारी दुनिया भी पढ़ना शुरू करे, तो वह सब पुस्तकों को समाप्त नहीं कर सकती।

विज्ञान भी इसी प्रकार से उन्नत होते गये हैं। पच्चीस साल पहले हावर्ड यूनिवर्सिटी में ए० से लेकर जेड० तक—एलर्जी से लेकर एनाटोमी, मिडवाइफरी और सर्जरी आदि समेत यूरालोजी तक—छब्बीस स्पेशलटीज थीं। आज यह हालत हो गई है कि अगर डा० गिन्डे से कहें कि मेरा एपेन्डिक्स निकाल दें, तो वह हाथ नहीं लगायेंगे क्योंकि वह सिर्फ न्यूरो-सर्जन है। एक सिर्फ छाती को खोलता है, वह थोरेसिक सर्जन है। ये छब्बीस स्पेशलटीज चार-चार वर्ष की हैं।

[श्री शिव शर्मा]

उन को पूरा ग्रहण करने के लिए आदमी को 104 वर्ष चाहिएँ। अगर आदमी के पास इतना समय और बुद्धि है, तो वह सिर्फ ऐलोपैथी को ही पहले पूरा करे। उसे अधूरा छोड़कर वह आयुर्वेद और ऐलोपैथी का असाध्य सम्मिश्रण करने पर क्यों समय नष्ट कर रहा है।

मैं समझता हूं कि आयुर्वेद तो पांच वर्ष से कम अवधि में पूरा नहीं हो सकता है। दूसरी तरफ उच्च कोटि के डाक्टर कहते हैं कि यदि पांच वर्ष से एक महीना भी कम हुआ, तो उस व्यक्ति के हाथ में रोगी सुरक्षित नहीं है, वह इस योग्य नहीं है कि ऐलीपैथी की दवा दे सके, उस के बाद भी कुछ ट्रेनिंग होती है। मैंने जायंट सिलेक्ट कमेटी में यह सवाल पूछा था कि जो व्यक्ति फर्स्ट डिविजन में न आ सके और बैकडौर से आकर तीन चार वर्ष में ऐलोपैथी और तथाकथित आयुर्वेद का अध्ययन करे, उस को इन दोनों विषयों का माहिर कैसे माना जा सकता है? जैसे दो आधे सत्य मिल कर एक सत्य नहीं बन सकता, वैसे ही दो आधे विज्ञान मिल कर एक विज्ञान नहीं बन सकता।

मैं आप को इंगलैंड का एक उदाहरण देता हूँ। नैशनल हैल्थ सर्विस के हास्पिटल में एक रोगिणी को लाया गया। जाइनीकोलोजस्टस ने कहा कि हम इस का आपरेशन नहीं कर सकेंगे, क्योंकि इस का सीजेरियन (पेट चाक) करना है, इस का बच्चा पेट खोल कर ही निकल सकता है, लेकिन इस को हृदय का रोग इतना भयंकर है कि इस को क्लोरोफार्म नहीं दे सकते। एक हिप्नाटिस्ट को बुलाया गया। उस ने रोगिणी को कह दिया कि तुम्हें दर्द नहीं होगा और आपरेशन हो गया। वहां तक तो ठीक हो गया, लेकिन उस के बाद झगड़ा तब शुरू हुआ, जब हिप्नाटिस्ट ने कहा कि मैं अपनी फीस चोरी से नहीं लूंगा, मैं आफिशल फंड से लूंगा, क्योंकि मैंने हास्पिटल में आ कर हिप्नाटिज्म किया है। हिप्नाटिज्म को सरकारी फंड से पैसा नहीं दिया जा सकता था, क्योंकि उस के अनुसार वह एक सम्मानित चिकित्सा नहीं थी। हिप्नाटिस्ट ने धमकी दी कि मैं कोर्ट में जाता हूँ। हैल्थ मिनिस्ट्री और नैशनल हैल्थ सर्विस के अधिकारियों की मीटिंग हुई। उन्होंने कहा कि इस से तो बहुत शोर मचेगा। आखिर लक्ष्य तो एक ही था कि जनता को यह न जंचने दिया जाये कि डाक्टरी से परे कोई और भी चिकित्सा प्रणाली है। अगर उस लक्ष्य की पूर्ति सरकारी फीस दे कर हो जाये, और वह कोर्ट में न जाये, तो अच्छा है। तो उन्होंने यह निश्चय कर दिया कि उस को सरकार से ही फीस दे दी जाये। लेकिन रायटर के एक रिपोर्टर को इसका पता लग गया। उस ने सारे संसार में यह मैंजेस प्रसारित कर दिया। 'टाइम्स आफ इंडिया' ने भी यह हैडिंग दिया, "हिप्नाटिज्म रेकगनाइज्ड बाई ब्रिटिश मैडिसन।"

**श्री शशि भूषण (खारगान)** : ज्योतिष।

**श्री शिव शर्मा** : मैं आयुर्वेद को कोई जादू नहीं समझता हूँ। मैं केवल एथिक्स, सौजन्य, के कारण यह फाइल दिखाने के लिए तैयार नहीं हूँ। बड़े बड़े एलोपैथिक डाक्टर या पश्चिम के रोगी आयुर्वेद की चिकित्सा कराते हैं। मैं स्पीकर महोदय और चेयरमैन महोदय को यह फाइले दिखा सकता हूँ। मैंने हैल्थ मिनिस्टर को फाइल दिखाई है कि इतने लोग बाहर से, मेयो क्लिनिक वगैरह से, थक कर भारतवर्ष में आते हैं और अच्छे होकर जाते हैं और वह श्रद्धाजनित लाभ नहीं होता।

माननीय सदस्य ने हिप्नाटिज्म पर ज्योतिष का नाम लिया, इसलिए मैं उन को उत्तर दे दूं कि यहां के डाक्टर आनन्द साहब एक फिजियालोजिस्ट हैं और अपने क्षेत्र में सर्वोच्च हैं। आल-इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मैडिकल साइंसिज में उन की कमेटी के सामने एक हिप्नाटिस्ट ने एक आदमी को हिप्नोटाइज़ कर दिया। कमेटी ने ई० ई० जी० के साथ एल्फा

वेव की स्टडी करनी चाही, जिन का निद्रा की हालत में एक विशेष आकार रहता है। उस मशीन का इस लिए इस्तेमाल किया जाता है कि यदि आदमी झूठ बोल रहा है, धोखा दे रहा है और आंखें बन्द किये पड़ा है, तो पकड़ा जाये, क्योंकि मशीन झूठ नहीं बोलती। इलैक्ट्रो एनसेफ़ेलोग्राम तो दिखा रहा है कि सबजेक्ट बिल्कुल जाग रहा है, जब कि वह खर्राटे मार रहा है। उस व्यक्ति को हिप्नाटिस्ट अपने साथ नहीं लाया था। वह तो आनन्द साहब का आदमी था, जिस को आनन्द साहब के साथ को-आपरेट करना चाहिए था। इस से एक बात स्पष्ट हो जाती है कि हिप्नाटिज्म ठीक है या नहीं, उस के लिए इलैक्ट्रा-एनसेफेलोग्राम माप-दंड या यार्डस्टिक नहीं बन सकता।

अगर आप क्लोरोफार्म को हिप्नाटिज्म के साथ इनटेग्रेट करना चाहें, तो क्या कम्पाउंड बनायेंगे—उस का नाम क्लोरो-हिप्नाटिज्म रखेंगे या हिप्नो-क्लोर? एक वैद्य या डाक्टर अफ़ीम की गोली देता है, तो रोगी को कब्ज हो जाता है। जो पुराना कब्ज अच्छा नहीं होता, उस के लिए होमियोपैथ रोगी को होमियोपैथिक ओपियम देता है। सिमिलर क्यूर्ज सिमिलर। उस पुराने कब्ज को, जो उस कब्ज जैसा है, जो अफ़ीम से होता है, वह होमियोपैथिक ओपियम क्यूर कर देता है।

तो यह जो ग्रास ओपियम है उसके और होम्योपैथिक ओपियम का इण्टेग्रेशन आप करेंगे क्या? उस को आप क्या कहेंगे? अगर सम्भव भी है इण्टीग्रेशन तो किसी-किसी क्षेत्र में सम्भव है, किसी-किसी क्षेत्र में सम्भव नहीं है। लेकिन इस बात का कोई झगड़ा नहीं है। मैं तो यह समझता हूं कि प्रत्येक विज्ञान के ऊंचे स्तर पर जाकर अध्ययन करने वाला दूसरे ज्ञान से लाभ उठा सकता है। ...(**व्यवधान**)...

मैं कुछ समय और ले सकता हूं या बैठ जाऊं? मैं इस सदन के नियमों के परिचित नहीं हूं, इसलिए मैंने यह प्रश्न किया। मैंने कई बार देखा कि घंटी बजने के बाद की जो स्पीच होती है वह पहली से दुगुनी होती है। परन्तु वह इस सदन की परम्परा है, मेरी अपनी परम्परा नहीं है। मेरी अपनी परम्परा है कि घंटी बजे तो बैठ जाना। इसलिए मैंने पूछा कि अपनी परम्परा पर चलूँ कि सदन की।

अब मैं जल्दी-जल्दी अपनी बात कह देता हूं। तीन आदमियों से मुझे अपने जीवन में झाड़ पड़ी है—श्री मोरार जी देसाई, श्री के०के० शाह और श्री गुलजारी लाल नन्दा से। इन्होंने यह कहा कि तुम्हारे जो प्रमाण हैं, जो तुम्हारा विज्ञान है उसे अपने गुणों पर ही इतना समर्थन मिलना चाहिए कि उसके लिए कड़ी भाषा की जरूरत नहीं है। पिछले भाषण में मैं बोल रहा था तो मेरे मुंह से यह शब्द निकले थे (जो बिल्कुल सच्चे थे चाहे वह कड़े रहे हों):

> "... that the attempt to misrepresent and liquidate Ayurveda, invidious during the Moghul period, insidious during the British, became perfidious thereafter."

इस सम्बन्ध में एक और घटना का वर्णन भी मैं इस समय कर देना चाहता हूं श्री जगजीवन राम जी के सामने। फिर मैं कहता हूं कि आयु दीर्घ करे भगवान श्री जगजीवन राम की, वह अब भी जीवित हैं, यह रेकर्ड पर रह जाय कि आयुर्वेद किस व्यवस्था में से निकला है, इसलिए मैं यह उदाहरण आपको दे रहा हूं। वह उस समय पोस्ट्स एण्ड टेलीग्राफ के मिनिस्टर थे और एक मास अप्लीकेशन पोस्ट और टेलीग्राफ वालों ने दी हेल्थ मिनिस्ट्री को कि हम आयुर्वेदिक औषधियों पर भी खर्च करते हैं तो उसका भी री-इम्बर्समेंट होना चाहिए। फाइनेंशियल ड्यूरेस में जबर्दस्ती एलोपैथिक इलाज सरकार हम पर थोपती है। हमको आयुर्वेदिक चिकित्सा मिलनी चाहिए। उस पर उस समय की जो स्वास्थ्य मंत्री महोदय थीं उन्होंने वह प्रार्थना अस्वीकार कर दी। तो अप्लीकेशन दोबारा आई और श्री जगजीवन

[श्री शिव शर्मा]

राम के हस्ताक्षरों के साथ आई कि यह तो एक उचित मांग है इसको स्वीकार करना चाहिए। उसको भी रिजेक्ट कर दिया और फिर मैं यह कहता हूं कि यहां तक मैं इसके विरोध में नहीं हूं। लेकिन उससे बाद जो उनके शब्द इस सदन में दिए हुए बयान में हैं कि हम आयुर्वेद का इसलिए समर्थन नहीं करते कि इसके लिए मांग ही नहीं है, अब यह जो हरकत है, अंग्रेजी मेरी मातृभाषा नहीं है उस हरकत के लिए कि अप्लीकेशन को रिजेक्ट करके वह कहना कि मांग ही नहीं है, मुझे अंग्रेजी में परफीडो के सिवाय और कोई दूसरा शब्द मिलता नहीं। तो इन यातनाओं में से आयुर्वेद निकला। और इसकी रिपोर्ट के साथ क्या हुआ कि बनारस में एक इसकी रिपोर्ट बनी सर सी० पी० रामास्वामी अय्यर की चेयरमैनशिप में, पर वह रिपोर्ट ही गायब हो गई। क्या किसी और यूनिवर्सिटी में कोई रिपोर्ट कभी गायब हुई है? सम्पूर्णानन्द कमेटी की रिपोर्ट बड़ी महत्त्वपूर्ण थी। उसमें मैंने एक नोट आफ डिसेंट दिया। मेरे पास डायरैक्टर महोदय की चिट्ठी है कि हम उसे अवश्य छाप देंगे लेकिन नेहरू जी के सामने वह रिपोर्ट बिना उस नोट के रखी गई और उन्होंने यह समझा कि मैं भी उसी मत का हूं और उन्होंने पत्र लिखा श्री नन्दा जी को, वह पत्र मैं पढ़ देता हूं वह पत्र लेकर स्वयं मुझे उनके पास जाना पड़ा था :

"My dear Gulzarilal,

You have been dealing with the Tibia College affair that raises not only an important issue which we are considering now but also the larger issue of consideration to be given to students in Unani and Ayurveda colleges and schools. It seems to me that the second issue is important, and should be dealt with rather fully. Possibly some kind of a Committee might be appointed for the purpose.

I spoke to Dr. Sushila Nayar about it today. There is obviously a conflict between those who want Suddh Ayurveda and those who want the modern element in it. The Planning Commission has apparently approved of the former. I do not think that practically speaking this can succeed. I cannot suggest any particular way but it appears to me that the cutting off of Suddh Ayurveda teaching from modern medicine and modern science will not do much good to Ayurveda.

Yours sincerely,
Jawaharlal Nehru."

यह पत्र नन्दा जी ने मुझे दिखाया, यह पत्र मैं उनसे लेकर स्वयं श्री नेहरू जी के पास गया। उनके पास जाकर मैंने कोई बहस नहीं की। केवल शुद्ध आयुर्वेदिक कमेटी रिपोर्ट का एक पैराग्राफ उनके सामने रख दिया जिसमें स्पष्ट छपा था कि हम क्या चाहते हैं। उसको पढ़ते ही उन्होंने कहा कि नन्दा जी को जाकर कह दो कि मेरे पत्र का उत्तर देने की अब कोई जरूरत नहीं है। और उसके बाद जो उन्होंने भाषण लंका में जाकर दिया उसका टेप रेकार्ड मेरे पास है। आवश्यकता होगी कभी और आप आज्ञा देंगे तो मैं प्ले कर सकता हूं कि उनका बिल्कुल दृष्टिकोण बदला और उसी दृष्टिकोण पर वह आए क्योंकि आयुर्वेद का अपना दृष्टिकोण यह नहीं है कि देयर शुड बी नो चेंज ज्ञान वृद्धि ही न हो। हम लोग चरक के अनुयायी हैं, उसके बाद मैं आपके सामने रखता हूं और उसके ऊपर मैं चलता हूं :

नह्यस्ति आयुर्वेदस्य पारम्
दि साइंस मैडिसिन शैल बी नेवर कम्पलीट।

कृत्स्नो हि लोको बुद्धिमतामाचार्यः
शत्रुश्चाबुद्धिमताम् ॥

सम्पूर्ण संसार बुद्धिमानों के लिए गुरु है और मूर्खों के लिए शत्रु है।

तस्मादमित्रस्याऽपि वाक्यं यशस्यं धन्यं
आयुष्यं गृहीतव्यम्, अनुविधातव्यम् ॥

इसलिए अमित्र की ओर से भी यदि कोई ज्ञान आ रहा है जोकि शास्त्र को बढ़ाने वाला है, रोगी का कल्याण करने वाला है, यश देने वाला है तो उसे झुक कर स्वीकार करना चाहिए और उसे शास्त्र का अंग बना लेना चाहिए। तो आयुर्वेद में तो निरन्तर आप देखेंगे इस चीज को। चरक के समय रस नहीं थे। फिर नागार्जुन आया तो दो हजार के करीब औषधियां उसमें बढ़ीं और भी बढ़ती ही जा रही हैं। तो वह तो बढ़ रही हैं बराबर। लेकिन श्री जोशी जी ने मुझ से अभी बात की थी और उन्होंने कहा था कि खिचड़ी नहीं होनी चाहिए कि एक तरफ अन्ट्रेन्ड लोग हैं और उनके साथ ही ट्रेन्ड लोग भी मिला दिये। अब सबसे एक अजीब बात यह है कि खिचड़ी की चर्चा उधर से होती है जो बिल्कुल हन्ड्रेड परसेंट ट्रिपल डिस्टिल्ड खिचड़ी ही खिचड़ी है जो न पूरा वैद्य है न पूरा डाक्टर और सबसे भयंकर गलती जो इस समय हो रही है वह यह है कि हाफ साइंसेज का एक पूर्ण साइंस समझा जा रहा है। तो यह स्नातक तो हमारे बच्चे हैं और हम लोगों ने ही उनको यह पाठ्यक्रम दिया। उसका तो अगर कोई अपराधी है तो जिन्होंने कोर्स बनाया वह अपराधी हैं चाहे वह वैद्य थे चाहे डाक्टर थे।...(**व्यवधान**)... उनके भविष्य की रक्षा हमारा कर्त्तव्य है और उसके लिए जितने भी आप आश्वासन चाहते हैं मिलने चाहिएं। श्री मूर्ति जी से मैंने बात की है, दूसरे मैम्बरों से मैंने बात की है, मैं श्री के० के० शाह से बात की है, वह उनके भविष्य की अधिक से अधिक रक्षा करने को तैयार हैं। लेकिन दो भिन्न विषयों को मिलाकर जो एक कन्फ्यूजन, एक बिलकुल ही बवंडर खड़ा किया जा रहा है वह ठीक नहीं है।

उन बच्चों के भविष्य का प्रश्न बिलकुल अलग है और उस प्रकार का नकली और झूठा पाठ्यक्रम जिससे वह तैयार होते हैं उस पाठ्यक्रम का भविष्य बिलकुल दूसरी बात है। इन दोनों को इकट्ठा नहीं करना चाहिए।

The future of these young men, Government must protect. But the perpetuation of that evil system which has produced anti-ayurved graduates is a separate issue. That must be abolished.

यह चीज आप को अवश्य समझनी चाहिए। श्री कंवर लाल गुप्ता मेरे मित्र हैं, उनके भ्राता मिश्र स्नातक है, मैं उनको यह आश्वासन देता हूं कि उनके भविष्य की रक्षा मैं अधिक कर सकूंगा उनके अमेंडमेंट की अपेक्षा।

मैंने बहुत ज्यादा समय ले लिया। मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आप ने मुझ यह अवसर दिया। कहा जाता है कि जिन लोगों ने हास्पिटल के साथ सम्बन्ध नहीं रखा वे योग्य नहीं। मेरे पास निरंतर पत्र आते हैं, जितने कहेंगे उतने दिखा दूंगा, वह कहते हैं कि एक वर्ष अपने साथ काम करने का अवसर दान दो। 6 महीने अपने साथ रखलो, वे बड़ी संस्थाओं के स्नातक हैं मैं जिस संस्था में पढ़ा हूँ वहां केवल दो कमरे थे। आज तो माननीया प्रधान मंत्री वहां जा कर आई हैं, श्री के० के० शाह वहां होकर आए हैं, आप जाकर आए हैं, वह छोटा सा पटियाला जहां हमने दो कमरे में पढ़ा था उसकी जो आयुर्वेद कालेज और हास्पिटल की बिल्डिंग्स हैं उनको एक ओर आप देखें और एक ओर बम्बई जैसी वैभवशाली नगरी के आयुर्वेद कालेज को देखें तो बम्बई के आयुर्वेद कालेज उसके सामने सर्वेंट्स क्वार्टर लगते हैं, वह तो आंखों के सामने देखने की बात है, वह कुटिया किस प्रकार से कालेज बनी? मेरे पिता जी वहां अध्यापक थे और उनको हैडमास्टर आयुर्वेद स्कूल कहा जाता था। केवल दो कमरे थे। एक दिन एक इंस्पेक्टर आया। एजूकेशन डिपार्टमेंट के नीचे वह था। उन्होंने आकर देखा कि यह बन्द पड़ा है। दूसरे दिन एक्सप्लेनेशन मांगा कि क्यों काम करने के दिन छुट्टी मनाई गई; लड़के सब जंगलों में बूटियों की पहचान करने गये हुए थे। उसके बाद हम लोग स्कूल बन्द करके रोगी के घर

[श्री शिव शर्मा]

जाया करते थे, क्योंकि कुल 5-6 विद्यार्थी हुआ करते थे। अब बड़ी देर से रिचर्स चल रही है और अन्त में अब बोर्ड आफ आयुर्वेदिक रिसर्च ने यह फैसला किया है कि क्योंकि इस आयुर्वेदिक रिसर्च और पुरानी चालू एलोपैथिक रिसर्च में कोई भेद नहीं है। अगर तुलसी के प्रिन्सिपल को निकाल कर एलोपैथी के फारमेकोपिया में डालना आयुर्वेदिक रिसर्च नहीं है अतएव रिसर्च आयुर्वेद ओरियेण्टेड बनाई जाय। इसलिए आवश्यकता है उनके कमरे वाले वैद्यों की।

**15.00 hrs.**

एक पुराने वैद्य हैं, जिनको मिश्र स्नातकों की भाषा में क्वैक कहा जाता है—पं० हरिदत्त शास्त्री। अब उनको आधुनिक डाक्टरों के साथ रिसर्च के आयुर्वेद का स्वरूप देने के लिए बैठाया जाता है—इस प्रकार का प्रस्ताव अभी हाल में श्री के० के० शाह जी की चेयरमैनशिप में पास हुआ है। किन के साथ बैठाया जायगा—टापमोस्ट-मैडिकल-साइंटिस्ट के साथ डा० आर० वी० अरोड़ा जैसे डाक्टर के साथ, जिनको भटनागर एवार्ड मिला है। तो इस जेनरेशन में एलोपैथी के लोग हमारे साथ सहयोग कर रहे हैं और हर जगह हमको सहायता देने की कोशिश करते हैं। पहली जेनरेशन की बात छोड़ दीजिए, जिसने यह खिचड़ी पैदा कर दी, लेकिन नये डाक्टर हमारे साथ हैं और चाहते हैं कि आयुर्वेद के चिकित्सकों से सहयोग करें।

अब मांग यह हो रही है कि वे जो घरों में जाकर रोगी देख आये हैं और जंगलों में जाकर बूटी देख आये हैं—वे तो क्वैक्स हैं और जो आयुर्वेद के ग्रन्थों से परिचित ही नहीं हैं, जिन को सरकार ने आयुर्वेद के पैसे से एलोपैथिक बैड्स दे दिये हैं—वे सच्चे आयुर्वेद के चिकित्सक हैं। इस धोखे में न पड़िये। अगर वैद्य समाज का भविष्य कुछ बनाना है तो हमें इस पर गम्भीरता से विचार करना होगा। डा० सम्पूर्णानन्द कमेटी की रिपोर्ट में एक खास चीज थी, जिस में इन्टीग्रेटेड सदस्यों की प्रधानता थी। उन्होंने कहा कि जब आयुर्वेदिक कालिजों के अध्यापकों के लिये कोई इश्तिहार दिया जाय तो उस में क्वालीफाइड शब्द न लिखा जाय। सभापति महोदय, मैं आप के ध्यान में यही चीज लाना चाहता हूँ—संसार में कभी भी कोई ऐसी कमेटी नहीं बनी, जिस के सदस्य यह कहें कि जब ऊंचे दर्जे के प्रोफेसर की जरूरत हो तो उन पर क्वालीफिकेशन का बन्धन न हो—क्या आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि संसार में कोई ऐसा सिस्टम है, जिस में ऐसा कहा गया हो? इस से बड़ा कन्डेमनेशन क्वालीफाइड लोगों के द्वारा क्वालीफाइड लोगों का नहीं हो सकता।

अब मैं डा० भिड़े के शब्दों पर आता हूँ—अभी इन्टीग्रेशन नहीं हुआ है, सब ने यही कहा, उसके बाद उन्होंने कहा कि हम को ३०-30 वर्ष और दे दें तो हम इन्टीग्रेशन कर देंगे, मैं कह देना चाहता हूँ कि इटर्निटी (अनन्त) तक इन्टीग्रेशन नहीं होगा। उसके पीछे विज्ञान की भावना ही नहीं है।

दो अन्तिम शब्द कह कर मैं अपने भाषण को समाप्त करना चाहता हूँ। आयुर्वेद ने पांच हजार वर्ष तक इन्तजार किया और आप के राज्य के बाद भी 25 वर्ष तक इन्तजार किया। अब उसकी कौन्सिल बनने लगी है तो उस में भी अमेण्डमेंन्ट्स आ रहे हैं, जो 30 वर्षों के बाद इन्टीग्रेशन होगा, उस के लिए भी अभी से आप एडवांस कौन्सिल बना देना चाहते हैं, जो कि संसार में कभी कहीं नहीं हुआ। हम को अभी से एडवांस में कौन्सिल नहीं बनानी चाहिए, इन्टीग्रेशन होने के पीछे ही उसकी कौन्सिल बन सकती है, इन एडवांस नहीं। आयुर्वेद अपना इन्टीग्रेशन करे और एलोपैथी अपना इन्टीग्रेशन करे। मैं आप सब भाइयों से प्रार्थना करना चाहता हूँ, जिन्होंने अमेण्डमेंन्ट्स दी हैं उन से नम्र प्रार्थना करता हूँ जो कुछ भी तत्व उन में हैं, उन को पीछे लेते रहेंगे,

आज इस बिल की अनकांशसली सेबोटाज न करें, क्योंकि इस में विलम्ब हो जायेगा। अगर यह ला जल्दी न बना तो आयुर्वेद को जो हम जल्दी आगे ले जाना चाहते हैं, आगे नहीं ले जा सकेंगे और फिर सम्भव है यदि पार्लियामेंट भंग हो गई तो फिर यह बिल उसी तरह से खटाई में पड़ जाय...

**श्री शशि भूषण** : देश तो रहेगा। आपकी अनुपस्थिति में स्वीकृत होगा।

**श्री शिव शर्मा** : ईश्वर करे रहे, लेकिन फिर इस में वर्षों लग जायेंगे। जब से इस बिल की चर्चा शुरू हुई है, उस समय से वर्षों बीत गये हैं। फिर अगर आप इस में कोई सुधार चाहते हैं तो वह भविष्य में भी हो सकेगा, लेकिन एक बार वैद्य समाज को अवसर दीजिए कि वे इस बिल के द्वारा अपने भविष्य का निर्माण कर सकें, अब तक उन को चांस नहीं मिला है। धन्यवाद।

